समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# हिंदुस्तानी हुनर की मांग बढ़ी, रूस देगा 10 लाख भारतीयों को नौकरी!

Publisher Published on 15 Jul 2025



**रूस मे कामगारों की भारी कमी के चलते अब भारत से 10 लाख कुशल श्रमिकों की होगी भर्ती, सेना और इंडस्ट्री के क्षेत्र मे मिलेगें अवसर।**

### रूस मे बंढ़ी भारतीय कामगारों की मांग

**IND vs RUS:** रूस की बड़ी-बड़ी इंडस्ट्रीज आज **लेबर की भारी कमी** से जूझ रही हैं। ऐसे में रूस सरकार और वहां के उद्योग संगठन अब भारत की ओर रुख कर रहे हैं। रूस के यूराल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रमुख **एंड्री बेसेडिन** के अनुसार, **साल के अंत तक 10 लाख भारतीय एक्सपर्ट्स** को रूस बुलाने की योजना है।

### स्वेर्दलोव्स्क रीजन मे कंाम की भरमार, लेकिन कामगार नहीं

**स्वेर्दलोव्स्क रीजन**, जो कि रूस के सबसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में से एक है, वहां **टी-90 टैकं** जैसी मिलिट्री इक्विपमेंट बनाने वाली कंपनियों से लेकर **कंस्ट्रक्शन, मेटल फैक्ट्रीज** और **मशीन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स** तक में काम की भरमार है। लेकिन यूक्रेन युद्ध के चलते कई युवा सेना में भर्ती हो गए हैं और फैक्ट्रियों में जाने से बच रहे हैं।

### भारी चुनौतियां, लेकिन रूस देगा सुविधाएं

भारतीयों के लिए रूस में काम करना आसान नहीं होगा। यहां सर्दियों में **तापमान -15 से -20 डिग्री सेल्सियस** तक पहुंच जाता है। इसके साथ ही **भाषा, खानपान** और **संस्कृति** की दिक्कतें भी सामने आएंगी। लेकिन **रूस सरकार** हर प्रकार की सुविधा देने को तैयार है ताकि भारत जैसे मित्र देश से अधिक से अधिक कुशल श्रमिकों को आमंत्रित किया जा सके।

### 2030 तक रूस मे 31 लाख कामगारों की कमी का अनुमान

**रूसी श्रम मंत्रालय** का अनुमान है कि **2030 तक देश मे 31 लाख कामगारों** की कमी हो जाएगी। इसे देखते हुए कोटा बढ़ाकर

**2025 तक 2.3 लाख** कर दिया गया है। साथ ही, **नॉन-CIS देशों** से अधिक योग्य प्रवासियों को लाने की रणनीति पर भी काम हो रहा है।

### भारत के साथ-साथ श्रीलंका और उत्तर कोरिया पर भी नजर

भारत के अलावा, **श्रीलंका** और **उत्तर कोरिया** जैसे देशों से भी श्रमिक बुलाने की तैयारी की जा रही है। **2024 मे जंब कैलिनिनग्राद** फिश प्रोसेसिंग यूनिट '**Za Rodinu**' में काम की कमी हुई थी, तब भी भारत से कामगार बुलाए गए थे।

### रूस की नजर भारतीय कुशलता पर

रूस को अब यह समझ आ गया है कि भारतीय श्रमिकों की **मेहनत** और **हुनर वैश्विक स्तर** पर उपयोगी साबित हो सकता है। यही वजह है कि वह भारतीयों के लिए वीजा प्रक्रिया सरल करने और आवास व भाषा सहायता जैसी सुविधाएं देने की तैयारी कर रहा है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.